हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 28 मई 2026

06 बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं ...



07 साहब, ससुराल वालों ने हमारी बेटी को करंट...





## खबर संक्षेप

### कोतवाली थाने में लगाया वाटर कूलर

**सीहोर।** शहर के कोतवाली थाना परिसर में पीने के साफ और ठंडे पानी की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए शहर के वरिष्ठ समाजसेवी हरीश चंद्र अग्रवाल और राजेन्द्र अग्रवाल ने त्रिवेणी देवी अग्रवाल की स्मृति में वाटर कूलर लगवाया है। इससे थाने में शिकायत दर्ज कराने आने वाले आम नागरिकों और पुलिसकर्मियों को भीषण गर्मी में बड़ी राहत मिलेगी। पीने के पानी के लिए लोग परेशान होते रहते थे। इसके अलावा थाने परिसर में बारिश का पानी जमा नहीं हो इसके लिए भी नाली निर्माण आदि की जा रहा है। वहीं आगामी दिनों में थाना परिसर में पौधा रोपण आदि की गतिविधि भी की जाएगी। थाना प्रभारी की सराहनीय पहल का यहां पर मौजूद नागरिकों ने स्वागत किया।

### निक्षय शिविर का किया औचक निरीक्षण

**सीहोर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व स्वास्थ्य संगठन के कंसल्टेंट डॉ ललित महेंद्रू ने सीहोर के लेबर कॉलोनी स्थित संजीवनी क्लीनिक पर आयोजित 100 दिवसीय निक्षय शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर में आने वाले संभावित मरीजों को दी जाने वाली काउंसलिंग, निशुल्क एक्सरे, बलगम परीक्षण सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली और टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला क्षय अधिकारी डॉ जेडी कोरी, जिला टीबी प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर गायत्री बारपेटे, एसटीएस प्रदीप भावसार तथा स्टॉफ उपस्थित था।

### जिले में जनशिक्षकों का राज: 'प्रभारी' बाबू बन एक दशक से मलाईदार पदों पर बैठे

# 60 से ज्यादा जनशिक्षक बाबू बन कुर्सियों पर जमे, जिपं. सीईओ बोलीं-मेरे अंदर में नहीं आता एजुकेशन सिस्टम!

जिले के शिक्षा विभाग से बड़ा खुलासा हुआ है, जिसने सरकारी दावों और ट्रांसफर-पोस्टिंग के नियमों की धज्जियां उड़ाकर रख दी हैं। वहीं अधिकारी आंखें मूंदे हुए है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक गायब हैं और दफ्तरों में तथाकथित जनशिक्षकों का राज चल रहा है। जिले के शिक्षा विभाग से एक ऐसा बड़ा खुलासा हुआ है, जिसने सरकारी दावों और ट्रांसफर-पोस्टिंग के नियमों की धज्जियां उड़ाकर रख दी हैं। यहां नियमों को ताक पर रखकर 60 से अधिक 'प्रभारी' जनशिक्षक पिछले एक दशक से बाबू बनकर मलाईदार कुर्सियों पर बैठे हैं। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि जब इस गंभीर अव्यवस्था और भ्रष्टाचार को लेकर जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव से बात की गई तो उन्होंने यह कहा कि एजुकेशन सिस्टम का काम मेरे अंडर में नहीं आता है, यह काम राज्य शिक्षा केंद्र या फिर कलेक्टर द्वारा देखा जाता है।

#### क्या कहते हैं नियम?

मध्य प्रदेश की त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के सरकारी नियम स्पष्ट रूप से यह प्रमाणित करते हैं कि शिक्षा विभाग के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों का पूरा जमीनी ढांचा सीधे जिला पंचायत सीईओ के प्रशासनिक और नियंत्रणकारी दायरे में आता है। मध्य प्रदेश में जिला शिक्षा केंद्र (समग्र शिक्षा अभियान का जिला कार्यालय) सीधे जिला पंचायत के अधीन कार्य करता है। जिला पंचायत सीईओ इस केंद्र के पदेन अतिरिक्त जिला मिशन संचालक होते हैं। डीपीसी सीधे उन्हें ही रिपोर्ट करते हैं।




#### जनशिक्षकों पर कार्रवाई का हक

जनशिक्षकों की पदस्थापना, काउंसिलिंग और अंतिम आदेश जारी करने वाली जिला स्तरीय समिति में सीईओ की भूमिका मुख्य होती है। यदि कोई जनशिक्षक मॉनिटरिंग में लापरवाही बरते तो जिला पंचायत सीईओ को उनका वेतन रोकने, अनुशासनात्मक कार्रवाई करने और प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उन्हें मूल शाला भेजने का पूरा कानूनी अधिकार है।

#### मूल शाला जाना भूले गुरुजी

शिक्षक संगठनों ने विभाग पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि इन प्रभारी जनशिक्षकों को नियमों के खिलाफ इतने लंबे समय तक पदों पर बनाए रखने के लिए पर्दे के पीछे रिचार्ज' और खातिरदारी का खेल चलता है, जो जितना बड़ा रिचार्ज देता है, उसकी कुर्सी उतनी ही सुरक्षित रहती है। नियमों के मुताबिक प्रतिनियुक्ति सिर्फ 2 साल की होती है और एक स्कूल से एक ही जनशिक्षक बन सकता है, लेकिन सीहोर में नियमों के परखच्चे उड़ रहे हैं।

#### साहब खुद दो-दो कुर्सियों पर बैठे

इस पूरे मामले को वर्तमान प्रभारी डीपीसी आरआर उइके का खुला संरक्षण मिला हुआ है, क्योंकि वे खुद नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं। उइके मूलतः एक स्कूल प्राचार्य हैं, लेकिन वे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एपीसी पद पर पिछले 12 वर्षों से और सीहोर में प्रभारी डीपीसी के रूप में पिछले 3 वर्षों से जमे हुए हैं। डीपीसी साहब खुद दोनों पदों के नाम पर अलग-अलग सर्वसुविधायुक्त दफ्तर, केबिन और दो-दो सरकारी गाडियों व ड्राइवरों का मजा ले रहे हैं।

#### अंचल में शैक्षणिक व्यवस्था पूरी तरह चौपट

इन चहेते और रसूखदार शिक्षकों के दफ्तरों में बाबू बनकर बैठने के कारण ग्रामीण इलाकों के स्कूलों की हालत बदतर हो चुकी है। कई स्कूलों में शिक्षक न होने से पढ़ाई पूरी तरह चौपट हो गई है, जबकि पात्र और योग्य शिक्षक अपनी नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं।

#### कौन कब से काबिज

- सुरेन्द्र सिंह यादव: पहले 5-6 साल जनशिक्षक रहे, फिर 8-10 साल बीएसी पद पर मजे लिए और अब पिछले 1 साल से अधिक समय से एपीसी के पद पर काबिज हैं।
- जगदीश मालवीय: कस्तूरबा स्कूल सीहोर में जनशिक्षक के पद पर एक दशक से ज्यादा समय से जमे हुए हैं।
- एक ही स्कूल से दो :दो प्रभारी: नरेश गुर्जर (गुड़भेला स्कूल) और राजेश चौहान (मुंगावली स्कूल) के मामले में नियमों को दरकिनार कर एक ही स्कूल से दो-दो प्रभारियों को उपकृत किया गया है।
- सुमन सिंह: मंडी हाई स्कूल में यह एकमात्र शिक्षक हैं, इसके बावजूद बच्चों की पढ़ाई छुड़वाकर इन्हें नियम-विरुद्ध तरीके से जनशिक्षक बनाकर दफ्तर में बैठाया गया है।
- दशक से जमे अन्य नाम: विमल शर्मा, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, पवन त्यागी, चंदर सिंह ठाकुर, महेश राठौर, महेश मालवीय, सुरेश जायसवाल, नंदकिशोर वर्मा और गुरु प्रसाद जामलिया को अपनी कुर्सियों पर मलाई काटते हुए 8 वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है।

#### मुझे नहीं जानकारी

एजुकेशन सिस्टम मेरे अंडर में नहीं आता है, यह राज्य शिक्षा केन्द्र या कलेक्टर द्वारा देखा जाता है, मुझे इसकी जानकारी नहीं है।

**सर्जना यादव,** सीईओ जिला पंचायत सीहोर

### नाली में मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

**भैरूंदा।** नगर में उस समय सनसनी फैल गई, जब सुदामापुरी कॉलोनी स्थित आदिवासी छात्रावास के पास एक नाली में युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों की नजर नाली में पड़े शव पर पड़ी, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची थाना भैरूंदा पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान राधेश्याम कॉलोनी निवासी राजेश उर्फ लल्लू, पिता रमेश मालवीय जाति धोबी समाज उम्र साल के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक शराब के नशे में था और इसी दौरान वह नाली में जा गिरा। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में भी युवक नशे की हालत में लड़खड़ाते हुए दिखाई दिया है, जिससे हादसे की आशंका जताई जा रही है।थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला नशे की हालत में दुर्घटनावश गिरने का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि घटना के पहले की परिस्थितियों की स्पष्ट जानकारी मिल सके।

### लीला खाड़ी में पीने के पानी के लिए गहरीकरण का काम शुरू



**सीहोर।** ग्राम पंचायत लीला खाड़ी में सीपा संस्था के माध्यम से चल रही परियोजना जल संवर्धन और स्वच्छ पेयजल के अंतर्गत कुएं के गहरीकरण का निर्माण शुरू कर भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन में सभी ग्रामवासी के द्वारा श्रीफल एवं पूजा अर्चना कर काम की शुरुआत की गई जिसमें उपस्थित सरपंच ज्ञान सिंह गुज्जर एवं सीपा संस्था से आशीष जैन, सूरज वर्मा, शिवानी पटेल, चेतन ठाकुर, तुलसी राम, मुकेश कुमार, जानकी बाई, सीएलएफ सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की जीत का रथ रोकने वाले भाजपा पूर्व विधायक के गांव में जलसंकट, हैंडपंप सूखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर विधानसभा क्षेत्र का एक ऐसा गांव, जिसने जिले की राजनीति की दिशा बदल दी, आज खुद बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। यह गांव है डोबरा, जो भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व विधायक स्वर्गीय मदनलाल त्यागी का गृह ग्राम है। यह वही मदनलाल त्यागी हैं, जिनके विधायक बनने के बाद से सीहोर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ऐसी पिटी कि आज तक जीत को तरस रही है। भाजपा के इस अभेद्य गढ़ और पूर्व विधायक के गांव में आज हालात ये हैं कि भीषण गर्मी और नौतपा के बीच करीब एक हजार की आबादी पानी के एक-एक घूंट के लिए जद्दोजहद कर रही है। बता दें लगभग एक हजार की आबादी वाले डोबरा गांव में सरकारी दावों की पोल खुल चुकी है। गांव में कुल 10 सरकारी हैंडपंप हैं, जिनमें से 9 पूरी तरह सूख चुके हैं। एकमात्र चालू हैंडपंप का जलस्तर भी इतना नीचे चला गया है कि उसमें से रुक-रुक कर थोड़ा-बहुत पानी आता है। डोबरा कॉलोनी के गरीब और मजदूर परिवारों के सामने सबसे बड़ा संकट खड़ा हो गया है। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण ये परिवार निजी बोरिंग नहीं करा सकते और करीब 100 परिवार पूरी तरह सरकारी हैंडपंपों के भरोसे हैं। ग्रामीणों को अपनी रोजी-रोटी और जरूरी काम छोडक़र घंटों हैंडपंप पर कतार में खड़ा रहना पड़ रहा है। कई लोग साइकिल और बाइकों पर बर्तन बांधकर दूर से पानी ढोने को मजबूर हैं।



#### 2024 की 'नर्मदा परियोजना' आज भी अधूरी

गांव में पेयजल संकट को स्थाई रूप से खत्म करने के लिए साल 2024 में जल निगम द्वारा नर्मदा पाइपलाइन परियोजना स्वीकृत की गई थी। लेकिन ठेकेदार की मनमानी और कछुआ चाल के कारण आज 2026 में भी पूरे गांव में लाइन नहीं बिछाई जा सकी है। पानी की टंकी का निर्माण कार्य भी सालों से अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि ठेकेदार अपनी मर्जी से काम कर रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है, जिसके कारण उन्हें हक का नर्मदा जल नसीब नहीं हो पा रहा है।

#### फंड है, लेकिन पीएचई ने नई बोरिंग पर लगाई रोक

इस पूरे मामले में प्रशासनिक संवेदनहीनता भी सामने आई है। ग्रामीणों के मुताबिक ग्राम पंचायत के पास लाखों रुपए का फंड मौजूद है जिससे नया बोरिंग या हैंडपंप लगाया जा सकता है। लेकिन जनपद पंचायत और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने यह कहकर नई बोरिंग पर रोक लगा दी है कि गांव में जल निगम की नर्मदा लाइन का काम चल रहा है।

#### अफसर का तर्क, लक्ष्य कम मिले हैं

इस अजीबोगरीब अड़ंगे और जलसंकट के संबंध में जब पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री प्रदीप सक्सेना का कहना है कि इस वर्ष शासन से नए बोरिंग के लक्ष्य कम मिले हैं। उन्होंने अजीब सा तर्क देते हुए कहा कि यदि बहुत अधिक आवश्यकता होगी, तभी नए बोरिंग कराए जाएंगे। अब सवाल यह उठता है कि क्या 10 में से 9 हैंडपंप सूख जाना और एक हजार की आबादी का प्यासा मरना पीएचई विभाग के लिए बहुत अधिक आवश्यकता की श्रेणी में नहीं आता। पूर्व विधायक के गांव की यह दुर्दशा जिले के प्रशासनिक समन्वय और विकास के दावों पर बड़े सवाल खड़े कर रही है।

## मेलॉडी खाओ बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल, सीएनजी के आसमान छूते दाम और अघोषित बिजली काटौती को भूल जाओः राजीव गुजराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देश और प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल, सीएनजी के आसमान छूते दामों और चरमराती बिजली-पानी की व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस ने सीहोर में एक अनोखा प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के व्यस्ततम बस स्टैंड और पटेल पेट्रोल पंप के आसपास से गुजरने वाले राहगीरों, आम जनता और किसानों को मेलोडी चॉकलेट बांटी। कांग्रेस का यह अनोखा प्रदर्शन पूरे शहर में चर्चा का विषय बना रहा।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा तंज कसा। उन्होंने कहा कि आज आम जनता महंगाई से त्रस्त है तथा नीट पेपर लीक मामले को लेकर भी विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान केंद्र एवं भाजपा सरकार की जनविरोधी और गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई गई तथा जनता को वर्तमान परिस्थितियों से अवगत कराया गया। लेकिन सरकार को इसकी कोई फिक्र नहीं है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी विदेश यात्रा के दौरान इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट की थी, जिसे लेकर भाजपा के नेता जश्न मना रहे हैं। राजीव गुजराती ने तंज कसते हुए कहा भाजपा की यह सरकार अब देश की जनता से भी यही चाहती है कि लोग मेलोडी खाएं और देश की असल समस्याओं व कमरतोड़ महंगाई को भूल जाएं। लेकिन कांग्रेस जनता के साथ है और उनके हक की आवाज उठाती रहेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सिलसिलेवार ढंग से आम जनता और किसानों से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए सरकार को घेरा उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी की जेब पर डाका डालते हुए पिछले महज एक सप्ताह के भीतर पांच बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा दिए गए हैं, जिससे परिवहन और रोजमर्रा की चीजें महंगी हो रही हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुजराती ने कहा कि रसोई गैस के दाम लगातार आसमान छू रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ गया है। वहीं सोना चांदी के दाम इतने बढ़ चुके हैं कि यह अब आम आदमी की पहुंच से पूरी तरह बाहर हो गए हैं।



श्री गुजराती ने कहा कि आज किसान सबसे ज्यादा परेशान हैं। उन्हें अपनी फसलों का वाजिब दाम एमएसपी नहीं मिल रहा है। दूसरी तरफ भीषण गर्मी के इस दौर में गांवों में बिजली नहीं मिल रही है। अघोषित बिजली कटौती से तंग आकर अब ग्रामीणों को सडक़ों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। श्री गुजराती ने आरोप लगाया कि सीहोर जिले के भाजपा नेताओं को जनता की इन बुनियादी तकलीफों से कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। वे जनता की समस्याओं का समाधान करने के बजाय सिर्फ उत्सवधर्मिता और हेडलाइंस बटोरने में व्यस्त हैं। इस अनूठे प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और लोगों को मेलॉडी टॉफी खिलाकर बढ़ती महंगाई के प्रति जागरूक किया। प्रदर्शन के दौरान रूप से उपस्थित कांग्रेसजनों में घनश्याम यादव, प्रीतम चौरसिया, रामायण प्रसाद शुक्ला, अरूण राय, रामलाल मालवीय, के.के.रिछारिया, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, आसिफ अंसारी, पंकज शर्मा, सुख सिंह, गजराज परमार, ब्रजेश पाटीदार, हरिओम सिसोदिया, तनिष्क त्यागी, सुयश तोमर, यश यादव, दिव्यांश मालवीय, जितेन्द्र परमार, ओम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### नेपाल में भारत का परचम लहराने जाएंगे सीहोर के खिलाड़ी

## इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में दिखाएंगे दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के इंदौर नाके के समीपस्थ बजरंग कालोनी स्थित मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में नेपाल में भारत का परचम लहराने के लिए 30 से अधिक कराटे खिलाड़ियों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कोच लखन ठाकुर, श्रीमती विमला ठाकुर के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेष प्रशिक्षण शिविर के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले खिलाड़ियों में त्र्यंबक ठाकुर, पायल बागवान, विनायक वर्मा, शिवन्या सिंह, वैभव वर्मा, कीर्ति वर्मा, आरुषी वर्मा, साक्षी चौहान, हर्षिता, राखी परमार, झिलमिल लोधी दीपिका लोधी, प्रिंस भारती, मृदुल कावड़े, साधना परमार, सुहानी सिसोदिया, वेदांत मारण, अनाया कुक्लोद, आरुषि पाराशर, रेयांश चड्ढा, मोहम्मद उज़ेर खान, पायल कावड़े, देवेंद्र राठौर, अयूब खान, हेमंत परमार, खुशी मथरिया, नाजिया शाह, भावेश परमार, उज्जवल सोनी, रूप सिंह, शौर्य मालवीय, प्रिंसी परमार, जीशान खान सभी खिलाड़ियों को संस्था द्वारा ट्रेक सूट प्रदान किये गए जिसमे संस्था के त्र्यंबक ठाकुर संस्था की सचिव विमल ठाकुर आदि शामिल थे। प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि एसोसिएशन के लगातार 30 सालों से कराटे कोच श्री ठाकुर के नेतृत्व में नेपाल में टीम इंटरनेशनल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जा रही है। आगामी 30 मई को रवाना होने वाली टीम में करीब दो दर्जन से अधिक कराटे खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। प्रशिक्षण का समापन 30 मई की सुबह को किया जाएगा।



## अमलाहा टोल के पास बस ने सोयाबीन से भरे ट्रैक्टर को मारी टक्कर, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इंदौर-भोपाल हाईवे पर अमलाहा टोल के नजदीक हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला, जब पीछे से आ रही एक निजी बस ने सोयाबीन से भरे ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाली में जा गिरा और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रैक्टर गोलुखेड़ी गांव निवासी किसान का बताया जा रहा है, जबकि बस मिश्रा ट्रैवल्स की बताई गई है। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया, हालांकि ट्रैक्टर चालक जीवन सिंह वर्मा निवासी गोलुखेड़ी घायल हो गए।मामले में अमलाहा चौकी प्रभारी प्रेम सिंह ठाकुर ने बताया कि बस ने सोयाबीन से भरे ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मारी है। घायल चालक को चोट आई है, जबकि बस में किसी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है।लगातार हो रहे सड़क हादसों ने हाईवे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और सुरक्षा इंतजामों की कमी के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सवाल यह है कि आखिर प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है या फिर हाईवे पर सुरक्षा के ठोस इंतजाम भी होंगे?



## खबर संक्षेप

### उड़ान क्रिकेट अकादमी ब्लू ने रेड को हराया


**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर एकलव्य फैंडशिप क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के अंतर्गत मंगलवार को उड़ान क्रिकेट अकादमी ब्लू ने रेड को 6 विकेट से हराया। इस मैच में ब्लू की ओर से दिशांत पाटीदार ने 21 रन की विस्फोटक पारी खेली, इसके अलावा साई नमन ने 27 गेंद पर 34 रन, देव चौहान ने 38 रन बनाए थे। इस मौके पर अकादमी के कोच अतुल कुशवाहा ने हरफनमौला खिलाड़ी दिशांत पाटीदार को मैन आफ द मैच प्रदान किया। सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी उड़ान क्रिकेट अकादमी रेड ने 31.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 159 रन बनाए थे। इसमें शिवकुमार बंसल ने 54 गेंद पर 45 रन, लक्ष्य ने 24 रन और शुभम गौतम ने 19 रन की पारी खेली। वहीं रेड की ओर से गेंदबाजी करते हुए दिशांत पाटीदार ने 2 विकेट, अराव, अर्हम जैन, सोमिल शर्मा, आर्थव ने 1-1 विकेट हासिल किए। प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि लक्ष्य का पीछा करने उतरी उड़ान क्रिकेट अकादमी रेड ने 20.1 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत हासिल की। रेड की शुरूआत खराब रही सूर्या शर्मा 1 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद सलामी बल्लेबाज साई नमन ने 27 गेंद पर 34 रन, देव चौहान ने 38 रन की शानदार पारी खेली।

### कॉलोनीनाइजर पर धोखाधड़ी के आरोप, रहवासियों ने तहसीलदार से की शिकायत

# बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा नहीं किया पूरा

कॉलोनी के लोगों को पेयजल बाहर से लाना पड़ रहा है और अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी




स्टार सिटी कॉलोनी रेहटी के रहवासियों ने कॉलोनीनाइजर पर भूखंड विक्रय के दौरान सुविधाएं देने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में कॉलोनीवासियों ने तहसीलदार सीहोर को लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया कि कॉलोनी में लगभग 30 परिवार निवास कर रहे हैं। भूखंड विक्रय के समय कॉलोनीनाइजर द्वारा बिजली, पानी, सड़क, नाली, पार्क एवं मंदिर जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया गया था, लेकिन लंबे समय बीत जाने के बाद भी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई। रहवासियों का आरोप है कि कॉलोनी में आज भी बिजली और पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है।

सड़क एवं नाली के अभाव में गंदा पानी जमा हो रहा है, जिससे गंदगी और बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। लोगों को पेयजल बाहर से लाना पड़ रहा है और अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है।रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि कॉलोनीनाइजर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर रजिस्ट्री विक्रय पत्र में दर्ज सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। स्टार सिटी कॉलोनी में रहने वाले रहवासियो ने बताया कि 2015 मैं यह कॉलोनी बनाई गई थी तब हमसे सारी व्यवस्थाओं का कहा गया था जिसको देखते हुए हम सब लोगों ने यहां पर प्लाट खरीदे लेकिन आज 11 साल बीत जाने के बाद भी यहां पर कोई सुविधा नहीं है। और हम सब बहुत ज्यादा दुखी जिंदगी जी रहे हैं अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो हम लोग आमरण अनशन भी करगे। क्योंकि हमारी जिंदगी भर की कमाई से हमने प्लाट खरीदे हैं। इससे पूर्व भी हमारे द्वारा कई बार आवेदन दिए गए लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**आवेदन दिया है, हम जांच करवाएंगे**

आवेदन के माध्यम से कॉलोनी वालों ने शिकायत की है। हम जांच करवा कर देखते हैं।

**युग विजय सिह यादव,** नायब तहसीलदार रेहटी

# जनगणना में लापरवाही पर चार्ज अधिकारी दिखे सख्त

**पुनः जांच और निरीक्षण के दिए आदेश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

नगर में चल रही जनगणना में लापरवाही की जानकारी सामने आई है,वार्ड क्रमांक 10 बुधनी घाट निवासी कंचन शर्मा पूर्व पार्षद एवं प्रदेश कांग्रेस नेत्री द्वारा जनगणना कार्य में गंभीर अनियमितताओं, गलत प्रविष्टियों एवं बिना जानकारी लिए परिवार और मकान संबंधी विवरण दर्ज किए जाने की शिकायत जनगणना निदेशालय नई दिल्ली से की गई है। इस पर जनगणना से संबंधित अधिकारियों, तहसीलदार, जनगणना चार्ज अधिकारी, नगर परिषद प्रशासन बुधनी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुनः निरीक्षण के आदेश जारी किए हैं। लगाया गया था कि जनगणना कार्य के दौरान परिवार की सही जानकारी नहीं ली गई तथा मकान नंबर भी अंकित नहीं किया गया शिकायतकर्ता पूर्व पार्षद कंचन शर्मा ने निष्पक्ष जांच कर सही जनगणना दर्ज करने की मांग की है मामले में नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनगणना चार्ज अधिकारी द्वारा जारी पत्र क्रमांक जन-27/2026 के माध्यम से पर्यवेक्षक सर्किल क्रमांक 03 को निर्देश दिए गए हैं कि शिकायतकर्ता कंचन शर्मा के मकान एवं संबंधित परिसरों का पुनः निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का सत्यापन किया जाए। आदेश में कहा गया है कि नियमों के अनुरूप परिवार, पृथक पोर्शन तथा भवन की स्थिति का सत्यापन कर आवश्यक त्रुटि सुधार किए जाएं साथ ही प्रत्येक परिवार से नियमानुसार जानकारी प्राप्त कर ही प्रविष्टियां दर्ज करने के निर्देश दिए। पत्र में उल्लेख किया गया है कि यदि किसी प्रकार की त्रुटि व जानकारी में संशोधन आवश्यक हो तो नियमानुसार तत्काल सुधार किया जाए। भविष्य में ऐसी शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो अधिकारियों व प्रगणकों को शासकीय सेवा आचरण के अनुरूप शिष्ट व निष्पक्ष व्यवहार बनाए रखने के निर्देश भी दिए। जनगणना चार्ज अधिकारी द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए दो दिवस के भीतर विस्तृत पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। शिकायत के बाद प्रशासनिक स्तर पर हुई इस कार्रवाई को जनगणना प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है कंचन शर्मा ने बताया कि शिकायत पत्र की एक कॉपी मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को भी भेजी गई है।

# अधिक मास में बरसा भागवत कथा का अमृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अधिक मास के पावन अवसर पर सीहोर नगर की ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के मधुर भजनों और कथा अमृत में डूबकर भावविभोर हो उठे।

पूरे वातावरण में "राधे-राधे" और "जय श्रीकृष्ण" के जयघोष गूंजते रहे। कथा व्यास पंडित शैलेश तिवारी जी ने श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, सत्य और भक्ति के मार्ग पर ले जाने वाला दिव्य प्रकाश है। उन्होंने कहा कि जब-जब मनुष्य अपने जीवन में ईश्वर से दूर होता है, तब-तब भागवत कथा उसे पुनः धर्म, संस्कार और भक्ति से जोड़ने का कार्य करती है। उन्होंने बताया कि अधिक मास भगवान की विशेष कृपा प्राप्त करने का श्रेष्ठ समय माना गया है। इस पावन काल में कथा श्रवण, भजन-कीर्तन और सेवा करने से मनुष्य के पाप नष्ट होते हैं तथा आत्मा को शांति और परम सुख की अनुभूति होती है।

पंडित तिवारी जी ने कहा कि आज के भौतिक युग में मनुष्य सुख की तलाश में भटक रहा है, जबकि सच्चा सुख भगवान की भक्ति और धर्म के मार्ग में ही निहित है। भागवत कथा हमें प्रेम, करुणा, सेवा और संस्कारों का संदेश देकर जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करती है। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने आरती कर भगवान श्रीकृष्ण से परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की। पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं की आस्था, उत्साह और भक्ति देखते ही बन रही थी।

# पुण्यतिथि पर 70 यूनिट रक्तदान कर युवाओं ने महुआखेड़ी के सोनू परमार को दी श्रद्धांजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




ग्राम तकीपुर महुआखेड़ी के कृषक धनसिंह परमार के सुपुत्र स्वर्गीय सोनू परमार की पुण्यतिथि पर बुधवार, 27 मई 2026 को शासकीय स्कूल परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।

इस मौके पर आसपास के युवा बड़ी संख्या में शिविर में शामिल हुए। ग्राम के जागरूक युवाओं ने एकता का परिचय देते हुए इस भीषण गर्मी में पुनीत एवं अनुकरणीय कार्य से स्वर्गीय सोनू परमार की पुण्य तिथि समाज के लिए प्रेरणा दाई बना दिया। आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित इस शिविर में लगभग 50 यूनिट रक्त संग्रहण का लक्ष्य रखा गया था, परन्तु युवाओं ने उत्साह के साथ 70 यूनिट रक्त दान किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से सुरेश परमार, वेदप्रकाश, सुरेंद्र, प्रीतम, प्रवीण, राजेश, कपिल, ज्ञान प्रकाश, सुनील, विशाल, प्रदीप, कुलदीप, दीपक, विकाश, कुबरलाल, धर्मेंद्र, महेंद्र, संदीप, राज- इंदौर, रितेश आदि ने अपने इष्ट मित्रों के साथ स्वर्गीय सोनू परमार की याद में उत्साह से रक्तदान महादान जैसा अनुकरणीय कार्य करते हुए अन्य युवाओं के लिये प्रेरणा स्त्रोत बने। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना एवं मानव सेवा के पुण्य कार्य में योगदान देना है।

इस मौके पर शिक्षक सतीष त्यागी ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपका यह प्रयास किसी की जान बचायेगा। रक्तदान से बडक़र कोई दान नही होता है, युवाओं को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिये, इससे किसी की जान तो बचती ही है, साथ ही रक्तदान करने वाले युवाओं का ब्लड सर्कुलेशन भी बराबर बना रहता है। शिविर में स्कूल के बच्चे आर्यन परमार, रोहन, नैतिक एवं ग्राम के युवाओं ने वालंटियर के रूप में सहयोग प्रदान किया। इस कार्य की सभी ग्राम वासियों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

# घर बुलाकर युवक पर हमलाः डंडों से की पिटाई बीयर की बोतल से सिर फोड़ा, हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



नगर में सोमवार देर रात हुई एक हिंसक वारदात ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। सीहोर नाके क्षेत्र में एक युवक को घर बुलाकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। आरोपियों ने पहले डंडों से हमला किया और फिर बीयर की बोतल से सिर पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके सिर में गहरी चोट होने के चलते टांके लगाए गए हैं। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और इलाज जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुस्लिम मोहल्ला निवासी राजा को कन्हैया कंजर ने अपने घर बुलाया था। प्रारंभिक बातचीत के दौरान ही किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई, जो जल्द ही विवाद में बदल गई। आरोप है कि पहले से मौजूद कन्हैया के साथियों ने मिलकर राजा और उसके साथी को घेर लिया। घर का शटर बंद कर अंदर ही दोनों के साथ जमकर मारपीट की गई। इस दौरान डंडों से पीटा गया और बीयर की बोतल से सिर पर वार किया गया, जिससे राजा गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों के अनुसार युवक के सिर में गहरी चोट आई है, हालांकि उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।वहीं, सूत्रों व बाजार में चल रही चर्चा के अनुसार इस पूरे घटनाक्रम के पीछे जुआ-सट्टा और पैसों के लेनदेन का विवाद सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष अलग-अलग स्थानों पर जुआ खिलाने का काम करते हैं और ग्राहकों को लेकर भी आपसी प्रतिस्पर्धा चल रही थी। इसी के चलते पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद गहराया। जानकारी यह भी सामने आई है कि राजा के कुछ पैसे कन्हैया कंजर के पास बकाया थे, जिसे देने के बहाने उसे घर बुलाया गया था।राजा के साथी का कहना है कि जैसे ही राजा के साथ घर पहुंचा, वहां पहले से मौजूद लोगों ने शटर बंद कर दिया और योजनाबद्ध तरीके से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से दोनों युवक संभल नहीं सके और राजा गंभीर रूप से घायल हो गया। जैसे तैसे घर से बाहर निकले अपनी जान बचाई।थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि इस मामले में कन्हैया कंजर सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है, लेकिन अभी तक सभी आरोपी फरार हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।फिलहाल पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

### कांग्रेसजनों ने किए श्रद्धासुमन अर्पित

**सीहोर।** आधुनिक भारत के निर्माता, स्वतंत्रता सेनानी व भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय में उनके चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हे याद कर उनके बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष ने चाचा नेहरू को याद करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि देश के विकास, लोकतंत्र और शिक्षा के क्षेत्र में नेहरूजी का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। पंडित नेहरू कहते थे कि कोई देश तभी आगे बढ़ता है जब उसके करोड़ों लोग तरक्की करें और खुशहाल हों। इसके लिए उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान, तकनीक, उद्योग एवं कृषि से जुड़े बड़े-बड़े संस्थान बनाए।

# चित्तौड़िया लाखा में बिजली संकटः दिन-रात हो रही कटौती, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



चित्तौड़िया लाखा, दीवदाखेड़ी पंचायत क्षेत्र में बिजली की बदहाल व्यवस्था से ग्रामीण परेशान हैं। दिन और रात में बार-बार हो रही अंधाधुंध बिजली कटौती के कारण छात्र, किसान और मजदूरों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसी समस्या को लेकर बुधवारको ग्रामवासियों ने बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंच कर ज्ञापान सौंपा। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से दिन और रात दोनों समय बार-बार बिजली काटी जा रही है। इससे भीषण गर्मी में लोग बेहाल हैं। छात्रों की पढ़ाई ठप है और किसान-मजदूर चैन की नींद नहीं ले पा रहे। गांव के 90 प्रतिशत बिजली के खंभे जर्जर हो चुके हैं। बारिश और आंधी में इनके गिरने का खतरा बना रहता है। कई बार ग्रामीणों ने विद्युत मंडल को अवगत कराया, लेकिन कोई इंतजाम नहीं हुआ। ग्रामीणों ने चेताया कि यदि किसी मवेशी या व्यक्ति को जान का नुकसान हुआ तो इसकी जवाबदारी बिजली कंपनी की होगी।

**चार गुना बिल, लटके हुए तार**

उपभोक्ताओं के बिजली बिल अचानक चार-चार गुना बढ़कर आ रहे हैं। अगले महीने तक इसमें सुधार की मांग की गई है। साथ ही गांव में पुराने खंभों और खेतों के ऊपर से गुजर रहे लटके हुए तारों का सर्वे कराकर नए पोल लगाने की मांग की। वहीं चित्तौड़िया लाखा में जिस नए ट्रांसफार्मर को रखा जाना था, मंत्री जी द्वारा भूमिपूजन के बाद भी वह काम अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों ने इसे जल्द पूरा कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में धर्म सिंह प्रजापति, मिलन यादव, सुमनलाल गुर्जर, विश्वनाथ, सुशील मेवाड़ा सहित दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

### पं. कमलकिशोर नागर ने परिवार को प्रेम-सम्मान का माध्यम बताया

# सत्संग और सेवा के मार्ग पर चलने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर की नवीन कृषि उपज मंडी में आयोजित पं. कमलकिशोर नागर महाराज की श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कथा के दौरान उन्होंने परिवार में प्रेम, सामंजस्य और एक-दूसरे को सुनने के महत्व पर जोर दिया, वहीं समाज में बढ़ते धर्मांतरण पर भी चिंता व्यक्त की। श्री नागर महाराज ने कहा कि जिस घर में प्रेम, सामंजस्य और एक-दूसरे की बात सुनने की भावना होती है, वही घर बैकुंठ बन जाता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि परिवार केवल साथ रहने का नाम नहीं है, बल्कि एक-दूसरे के सुख-दुख को समझने और सम्मान देने का माध्यम है। जहां आपसी प्रेम होता है, वहां भगवान स्वयं निवास करते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि जिस प्रकार वर्षा ऋतु की पहली बारिश वातावरण की धूल और गंदगी को साफ कर देती है, उसी प्रकार भगवान की कृपा मनुष्य के जीवन के दुख, पाप और विकारों को समाप्त कर देती है। उन्होंने मनुष्य को सदैव प्रभु भक्ति, सत्संग और सेवा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया, क्योंकि यही जीवन को सार्थक बनाता है। पं. नागर ने समाज में बढ़ते धर्मांतरण को एक गंभीर विषय बताया। उन्होंने कहा कि गरीब और जरूरतमंद लोगों को बहकाकर धर्मांतरण कराया जा रहा है, जिस पर रोक लगना आवश्यक है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से अपनी संस्कृति, परंपरा और सनातन धर्म की रक्षा करने का आह्वान किया और समाज को जागरूक होकर आने वाली पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने की बात कही। उन्होंने ने वर्तमान समय में बढ़ते दिखावे और अनावश्यक खर्चों पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज जब आम व्यक्ति के लिए दाल-रोटी चलाना कठिन हो रहा है, ऐसे समय में फैशन और बाहरी दिखावे पर अनावश्यक खर्च करने से बचना चाहिए। कथावाचक ने राष्ट्रभक्ति का संदेश देते हुए कहा कि भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि ऋषियों, संतों और महान परंपराओं की पुण्य एवं पवित्र भूमि है। उन्होंने कहा कि देश से बढ़कर कुछ भी नहीं होता और प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्रप्रेम, सामाजिक सद्भाव और सेवा भावना को अपने जीवन में उतारे। पं. नागर ने कहा कि यदि जीवन में तीन चीजें प्राप्त हो जाएं तो समझो भगवान की कृपा प्राप्त हो गई। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति इन तीनों को अपनाता है, उसका जीवन स्वतः सफल और धन्य हो जाता है।

प्रवचन के दौरान गुरुदेव ने बुजुर्गों के सम्मान पर विशेष जोर देते हुए कहा कि माता-पिता एवं बुजुर्गों का आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है। यदि बुजुर्गों का आशीर्वाद नहीं मिला तो जीवन अधूरा रह जाता है। भीषण गर्मी को देखते हुए कथा समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। कथा पांडाल में ठंडे पानी के फव्वारे, शीतल पेयजल, ठंडी हवा एवं व्यवस्थित बैठक व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को गर्मी से काफी राहत मिली। तृतीय दिवस की कथा में महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर परिषद् कोठरी, जिला सीहोर (म.प्र.)

दूरभाष क्र. 07560-254150/9617182434 E-MAIL ID. CMOKOTHRI@MPURBAN.GOV.IN

क्रमांक/531/ नि.शा./2026 कोठरी दिनांक 27.05.2026

-:: द्वितीय ::-

-:: ई-निविदा सूचना ::-

एतद् द्वारा समस्त लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् कोठरी जिला सीहोर म.प्र. द्वारा निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा का आमंत्रण किया गया जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| स. क्र. | ई-निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अनुमानित लागत (लॉख में) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_510809_1 | REJUVENATION OF BADA NALLAH AT KOTHRI UNDER AMRUT 2.0 SCHEME GREEN SPACE DEVELOPMENT | 21540.00 | 5000.00 | 2872084.00 | 2 माह |

नोटः-प्रपत्र क्रय डाउनलोड करने एवं निविदा से संबधित समस्त शर्ते एवं जानकारी ऑनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in से एवं विस्तृत जानकारी न.प. कोठरी लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

अध्यक्ष
नगर परिषद कोठरी

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद
जिला कोठरी

उपयंत्री
नगर परिषद कोठरी

### 21 वर्षीय विवाहिता की मौत के बाद अस्पताल में मायके पक्ष का हंगामा

# साहब, ससुराल वालों ने हमारी बेटी को करंट लगाकर मार दिया

### सुसराल पक्ष के लोगों पर विवाहिता को मारने के संगीन आरोप, पुलिस जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़







मांगलियाखेड़ी गांव निवासी 21 वर्षीय विवाहिता की सोमवार रात्रि संदेहास्पद स्थिति में मृत्यु हो गई। देवली गांव निवासी विवाहिता के मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर विवाहिता को करंट लगाकर मारने के आरोप लगाए हैं। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस की टीम ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा आदि कार्यवाही उपरान्त पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के पहले मृतिका के पति सहित मायके पक्ष के अन्य लोगों ने काफी समय तक हंगामा किया और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी लगने पर उन्होंने तहसीलदार को अस्पताल भिजवाया एवं उनकी उपस्थिति में मृतिका का पोस्टमार्टम करवाया गया। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस मामले की सूक्ष्मता और हर पहलू से जांच कर रही है।

#### पति-पत्नी का रात्रि में हुआ था झगडा

जानकारी के अनुसार देवली गांव निवासी चंद्रकला तंवर का विवाह मांगलियाखेड़ी गांव निवासी राकेश तंवर से हुआ था। सब कुछ ठीक-ठीक चल रहा था लेकिन सोमवार रात्रि पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ। चंद्रकला के पिता बालकिशन की माने तो रात्रि में ससुराल पक्ष के लोगों का फोन आया कि आपकी बेटी और हमारे लड़के का झगड़ा हो रहा है। इस पर बालकिशन ने कहा कि आप दोनों का झगड़ा खत्म करवा दो, आप भी उसके माता-पिता हैं। कुछ समय बाद ससुराल पक्ष से फोन आ गया कि चंद्रकला की मृत्यु हो गई है।

#### करंट से मारा गया हमारी बेटी को

मृतिका के मायके पक्ष के लोगों के अनुसार उनकी बेटी का हाथ जला हुआ था। करंट लगाकर उसकी हत्या की गई ताकि मर्डर के बारे में कोई सुराग न लग सके। बहरहाल, चंद्रकला की मौत की जानकारी लगने पर कोतवाली पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की गई।

#### जुडिशियल अधिकारी की उपस्थिति में हुआ पीएम

चूंकि, चंद्रकला की मृत्यु संदेहास्पद जान पड़ रही थी ऐसे में तहसीलदार को बुलाकर सभी की उपस्थिति में पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस के अनुसार अगर हत्या की गई है तो दोषियों को बख्सा नहीं जाएगा। काफी देर हुआ हंगामे के बाद शव परिजनों को सौंप दियाँ गया।

### पुष्पा की तर्ज पर चंदन का परिवहन 11 चोर धराए

राजगढ़। बॉलीवुड फिल्म पुष्पा की तर्ज पर जिले में चंदन की लकड़ियों के परिवहन का मामला सामने आया है। चंदन चोर ब्रीफकेस में चंदन का परिवहन करते थे ताकि पुलिस से बचे रहें लेकिन राजगढ़, बोडा, नरसिंहगढ़ और लीमा चैहान पुलिस ने आरोपियों को धरदबोचा। अलग अलग जगहों से कुल 11 चंदन चोर पकड़े गए हैं जिनके पास से 45 किलो चन्दन बरामद किया गया है। वहीं वहां भी जब्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने मंगलवार दोपहर कंट्रोल रूम में प्रेस वार्ता के दौरान पूरे मामले पर प्रकाश डाला। जानकारी के अनुसार विगत दिनों राजगढ़, नरसिंहगढ़, बोड़ा, लीमाचैहान क्षेत्र में अनेक स्थानों के सरकारी आवासों से चंदन के पेड़ काटे गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर लगातार निगरानी एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। शाकिर अली पिता मुकीम अली निवासी ग्राम चतरूखेड़ी थाना सारंगपुर, मुबारिक पिता रमजानी खां निवासी ग्राम चतरूखेड़ी थाना सारंगपुर, अयान पिता आजाद शेख निवासी ग्राम चतरूखेड़ी थाना सारंगपुर, बाबू उर्फ बब्बू पिता हुसैन खां निवासी भोई बाड़ा मोहल्ला सारंगपुर शामिल है। पूछताछ में आरोपी बाबू उर्फ बब्बू द्वारा बताया गया कि चोरी किया गया शेष चंदन उसने पूरसिंह पिता बापूलाल सौंधिया निवासी रामगंज खिलचीपुर, तवरेज पिता यासीन खान निवासी सदरगंज थाना तकिया जिला कन्नौज को बेच दिया है।

# सनातन धर्म के तहत गाय को माता का दर्जा देने की रखी प्रशासन से की मांग

### विहिप, बजरंग दल पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार दोपहर एसडीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग रखी गई कि सनातन धर्म के तहत गाय को माता का दर्जा दिया जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि कुछ विधर्मी लोग गाय को काट कर खाने की बात करते हैं। बकरीद पर ऐसा संभव भी हो सकता है। ऐसे में शासन, प्रशासन को उक्त संभावित घटनाओं पर नजर बनाए रखनी चाहिए। यदि जिले में कहीं भी ऐसी घटनाएं सामने तो दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। यदि ऐसी घटनाएं सामने आती हैं तो विहिप, बजरंग दल को स्वयं मैदान में उतरकर गौरक्षा करनी होगी।

#### गोशाला में उचित व्यवस्था करने की भी मांग

जिले की कई गौशालाओं में गाय माता के लिए लाईट, पानी, चारे की उचित व्यवस्था नहीं है। वहीं, कई शहरों में गायें पॉलीथीन खाकर मृत्यु के गाल में समां रही हैं। प्रशासन सुनिश्चित करें कि पॉलीथीन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगे एवं गौमाताएं काल के गाल में न समा पाएं। ज्ञापन के अवसर पर विभाग संगठन मंत्री भानू सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्या, मोहन सिंह सौलंकी, जिला मंत्री मयंक सक्सेना, गौरक्षा प्रमुख लक्ष्मीनारायण तंवर, संतोष राणा, प्रकाश तंवर, हेमराज, लखन तंवर, दिव्यांशु सोनी, रामदयाल तंवर, पवन, मनोज पुष्पद, मोहित गौड़ तंवर, दुर्गेश, सुरेश हिन्दू, हेमराज, मुकेश, राकेश, रोहित, सुमित, मेहरबान सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस



सारंगपुर। कांग्रेस कमेटी राजगढ़ के जिला अध्यक्ष प्रियवृत सिंह के निर्देशानुसार नीट पेपर लीक मामले के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार शाम को नगर में मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय आशा भवन से प्रारंभ होकर राजीव गांधी पार्क पहुंचा, जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने कहा कि बच्चों के भविष्य और सपनों के साथ खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नीट पेपर लीक प्रकरण ने लाखों विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत, उम्मीदों और विश्वास को तोड़ने का काम किया है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि युवा वर्ग लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं की अनियमितताओं से परेशान है और सरकार इस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रही है। कांग्रेस नेताओं ने मांग करते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री तुरंत इस्तीफा दें तथा पेपर लीक में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश के युवाओं को न्याय और जवाब दोनों चाहिए। कार्यक्रम के दौरान शहर अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी,पार्षद शमीर मेव,प्रमोद सदानी,लखन राजपूत,अभय सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पति के मृत्यु-भोज के लिए रखे थे रुपए

## फाइनेंस कंपनी की डकैती! घर में घुसकर छीने 2 लाख रूपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इछावर



थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम वीरपुर में फाइनेंस समूह के कर्मचारियों की दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ एक बेबस महिला के घर में घुसकर समूह के लोग उसके ससूर के 'नुक्ते' के लिए रखे 2 लाख नकद लेकर रफूचक्कर हो गए। विरोध करने पर पीड़ितों के साथ गाली-गलौज और झूमाझटकी भी की गई। न्याय की गुहार लेकर पूरा पीड़ित परिवार थाने पहुंचा है। पीड़ित महिला संतु बाई ने रोते हुए अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि उन्होंने से 75 हजार रुपए का लोन लिया था। इस लोन की लगभग पूरी राशि वे ईमानदारी से चुका चुकी थीं और केवल आखिरी किस्त के 4,100 देना बाकी थे। इस मामूली सी रकम को वसूलने के लिए समूह के 8 से 10 लोग उनके घर आ धमके। संतु बाई के अनुसार, जब समूह के लोग घर पहुंचे तो उन्होंने उनकी बेटी से पूछा कि संतु बाई कौन है। बेटी ने बताया कि वे उसकी मां हैं। जब कर्मचारियों ने किस्त की मांग की, तो संतु बाई ने कहा कि वे अंदर से पैसे लेकर आ रही हैं। पैसे छीनकर भागते समय जब पीड़ित परिवार ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो समूह के कर्मचारियों ने उनके साथ जमकर झूमाझटकी की। कर्मचारियों ने मर्यादा की सारी हदें पार करते हुए गाली-गलौज की और कहा, तुम लोगों की औकात नहीं होती, तो समूह से लोन क्यों उठाते हो। इस घटना के बाद सहमा और आक्रोशित पीड़ित परिवार तुरंत इछावर थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। थाने पर भी पीड़ित परिवार और समूह के कर्मचारियों के बीच तीखी बहस और झूमाझटकी की स्थिति निर्मित हो गई। एक तरफ जहाँ परिवार अपने मुखिया के खोने के गम में डूबा है और अंतिम सामाजिक कार्यों की तैयारी कर रहा था, वहीं फाइनेंस समूह की इस तरह की गुंडागर्दी ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि ऐसे बेलगाम समूह कर्मियों के खिलाफ डकैती और लूट का मामला दर्ज कर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और महिला के पैसे वापस दिलाए जाएं।

### स्थानीय स्तर पर मिलेगी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा

# सिविल अस्पताल में डायलिसिस यूनिट और हेल्थ एटीएम सेवा का मंत्री टेटवाल ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

**मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने मंगलवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत अत्याधुनिक डायलिसिस यूनिट एवं हेल्थ एटीएम सेवा का शुभारंभ किया।**



इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सक एवं नगरवासी उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वास्थ्य क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं के विस्तार के विजन तथा मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सारंगपुर क्षेत्र के किडनी रोगियों को अब डायलिसिस के लिए इंदौर, भोपाल, उज्जैन जैसे बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। सिविल अस्पताल में प्रारंभ हुई डायलिसिस यूनिट से मरीजों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं सुलभ उपचार उपलब्ध होगा, जिससे समय और आर्थिक संसाधनों की बचत होगी।

ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ मनीष चैहान के अनुसार डायलिसिस मशीन किडनी की कार्यक्षमता प्रभावित होने पर रक्त से विषैले तत्वों, अतिरिक्त पानी एवं अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालने का कार्य करती है। मशीन रक्त को विशेष फिल्टर (डायलाइजर) से शुद्ध कर पुनः शरीर में प्रवाहित करती है, जिससे किडनी रोगियों को जीवनरक्षक उपचार मिलता है।

#### 102 प्रकार की जांच करेगा हेल्थ एटीएम

सिविल अस्पताल में स्थापित हेल्थ एटीएम आधुनिक डिजिटल तकनीक से लैस है। इसके माध्यम से नागरिकों को 102 प्रकार की स्वास्थ्य जांचें कुछ ही मिनटों में उपलब्ध होंगी। इसमें ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ऑक्सीजन सैचुरेशन, ईसीजी, तापमान, वजन, बीएमआई, हीमोग्लोबिन सहित कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांचें की जा सकेंगी। जांच रिपोर्ट तत्काल डिजिटल रूप में प्राप्त होगी, जिससे रोगों की प्रारंभिक पहचान एवं समय पर उपचार संभव हो सकेगा। मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। सरकार प्रत्येक नागरिक को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में एसडीएम रोहित बम्होरे,डॉ सरिता यादव,डॉ तस्लीम मंसूरी भाजपा नेता निर्मल जैन, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, नीलेश वर्मा, पार्षद राकेश पुष्पद, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, सुधीर श्रीमाल, अरुण दीक्षित, रोगी कल्याण समिति के पदाधिकारी, चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष चैहान ने माना।

#### जनता ने जताया आभार

सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों ने डायलिसिस यूनिट एवं हेल्थ एटीएम जैसी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। क्षेत्रवासियों ने इसे स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में ऐतिहासिक एवं जनहितकारी कदम बताया।

### पं. दीनदयाल रसोई योजना का सीएमओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण



सारंगपुर। मंगलवार को नगरपालिका परिषद सारंगपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक कुमार रानवे ने पंडित दीनदयाल रसोई योजना केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराए जा रहे सस्ते और पौष्टिक भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया। सीएमओ रानवे ने रसोई संचालकों को निर्देश दिए कि भोजन की गुणवत्ता बनाए रखते हुए आम नागरिकों को शुद्ध एवं गर्म भोजन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही परिसर में स्वच्छता और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिए भी कहा, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए पीने के पानी की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। सीएमओ ने कहा कि रसोई केंद्र पर आरओ वॉटर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे जरूरतमंद लोगों को ठंडा एवं स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके। सीएमओ रानवे ने स्पष्ट रूप से कहा कि योजना के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका सारंगपुर के स्वच्छता प्रभारी निरीक्षक सतीश कंडारे भी उपस्थित रहे।

### दाऊदी बोहरा समाज ने अदा की ईद-उल-अदा की नमाज, अमन-चैन व भाईचारे की मांगी दुआ



सारंगपुर। मंगलवार सुबह बोहरावाड़ी स्थित दाऊदी बोहरा मस्जिद में ईद-उल-अदा का पर्व श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह 6:50 बजे जनाब शेख आमिल, हुजैफा भाई ने ईद की विशेष नमाज अदा कराई। नमाज में समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। नमाज के पश्चात जनाब हुजैफा भाई ने देश में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ की। उन्होंने समाजजनों को अच्छे कार्य करने, गरीबों की सहायता करने तथा आपसी प्रेम और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही ब्याज, तंबाखू, सिगरेट और शराब जैसी बुराइयों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोग लड़ाई-झगड़ों और गलत कार्यों से दूर रहकर बेहतर व्यापार करें तथा समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखें। इस अवसर पर शेख आता हुसैन भाई, मुल्ला मोइज भाई, मुल्ला अब्बास भाई, शब्बीर भाई पेटी, कुर्बान हुसैन, मुजफ्फर भाई, नूर हसन भाई, सेक्रेटरी मुस्तफा अली भाई आदि रहे मौजूद।

### "जल गंगा संवर्धन अभियान-2026" के अंतर्गत कई जगह किए गए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

# गंगा दशहरा पर कालीसिंध घाट पर हुआ भव्य महाआरती और दीपदान संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रदेशभर में चल रहे "जल गंगा संवर्धन अभियान-2026" के तहत गंगा दशहरा के अवसर पर रविवार रात्रि को सारंगपुर नगर के कपिलेश्वर महादेव मंदिर के समीप कालीसिंध नदी घाट पर भव्य पूजन, महाआरती एवं दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद सारंगपुर के अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल ने की।

इस अवसर पर राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने गंगा दशहरा के पावन पर्व पर माँ कालीसिंध को चुनरी अर्पित कर विधिवत पूजन-अर्चन किया तथा भव्य गंगा आरती में सहभागिता की। उन्होंने नगरवासियों के साथ प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंत्री टेटवाल ने कहा कि "माँ कालीसिंध केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और जीवन की आधारशिला हैं। उनका संरक्षण और संवर्धन हम सभी का सामूहिक दायित्व है।" उन्होंने उपस्थित नागरिकों से नदी को स्वच्छ, निर्मल एवं अविरल बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया तथा नदी में कचरा एवं अपशिष्ट नहीं डालने की अपील की। इस दौरान नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल ने जल गंगा संवर्धन अभियान में सहयोग कर रही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भविष्य में भी जनसहभागिता के साथ अभियान को आगे बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम में नगरपालिका उपाध्यक्ष श्रीमती भावना नीलेश वर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह जनपद पंचायत सीईओ हेमेन्द्रु गोहिल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक कुमार रानवे, थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, पर्यावरण प्रेमी, नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु नागरिक उपस्थित रहे।

#### गंगा दशहरे पर दीपों से जगमगाया जमात मंदिर घाट



नरसिंहगढ़। शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरे के अवसर पर जनपद क्षेत्र में विभिन्न जल स्त्रोतों पर स्वच्छता एवं संरक्षण गतिविधियां आयोजित की गईं। ग्राम पंचायतों में स्थित कुओं, बावड़ियों एवं तालाबों पर श्रमदान कर जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया। इसी क्रम में जल मंदिर तालाब स्थित जमात मंदिर घाट पर गंगा आरती, दीप यज्ञ एवं दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। घाट दीपों की रोशनी से जगमगा उठा और धार्मिक व सांस्कृतिक माहौल बना रहा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कविता वर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह परमार, एसडीएम सुशील कुमार, सीएमओ अभिषेक जैन, जनपद सीईओ शालिनी काँचकार, नायब तहसीलदार आनरिक कनोदिया, महंत दीपेंद्र दास गुरुकुलम एवं आचार्य डॉ. जगदीश शास्त्री सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जनपद सीईओ ने बताया कि जनपद स्तरीय आयोजन के साथ-साथ विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी गंगा दशहरे पर जल संरक्षण संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने ग्राम पंचायत गादिया स्थित 500 वर्ष पुरानी गुरु महाराज बावड़ी में स्वयं श्रमदान एवं साफ-सफाई कार्य में भाग लिया।


#### गंगा माता की महाआरती उतारकर किया दीपदान



जीरापुर। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर संध्याकाल के समय विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य तथा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह की उपस्थिति में गंगा आरती करके दीप दान किया गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु सिंह पवांर , पार्षद हेमन्त जोशी, शिवचरण मंडलोई , कमल झावा कुशल कुशवाह जनप्रतिनिधि , परिषद सदस्यों द्वारा छापी बांध घाट पर गंगा माता की महा आरती कर दीपदान किया गया उसके पश्चात बैद्यनाथ म्यूजिकल ग्रुप आगर के भजन गायक विजय बागड़ी , काजल बागड़ी ग्रुप द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई जिन पर उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तजन जमकर झूमे नाचे।

**छापी बांध घाट की भी की साफ सफाई :** गंगा दशहरा पर्व जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर परिषद जीरापुर द्वारा छापी बांध घाट की साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जल स्रोत जैसे कुआ बावड़ी नदी तालाब आदि के रखरखाव साफ सफाई सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण करना है। नगर परिषद द्वारा क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह , हेमंत जोशी , गिरिराज जुलानिया शिवचरण मंडलोई , कुशल कुशवाह , कमल झावा , धीरपसिंह चैहान , चंद्रकला चैहान सहित अतिथि गण एवं नगर परिषद कर्मचारियों ने छापी बांध घाट की सफाई कर श्रमदान किया। आम नागरिकों को भी जल स्रोत की साफ सफाई उनके रखरखाव और संरक्षण के लिए संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय , रमेश मालवीय, कमल भावसार, प्रवीण शर्मा, भगवान सिंह परिहार , आजाद झावा, राजेश झावा, राकेश मंडलोई उपस्थित रहे।

#### गंगा दशहरा पर निकली भव्य जल कलश यात्रा, जल संरक्षण का दिया संदेश



कुरावर। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नवांकुर संस्था श्री गुरुजी सेवा समिति कुरावर द्वारा नगर पालिका परिषद एवं गायत्री परिवार के सहयोग से जल कलश यात्रा, जल स्रोत पूजन, संवाद कार्यक्रम एवं श्रमदान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के संवर्धन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां अन्नपूर्णा मंदिर प्रांगण में गंगा आरती एवं कलश पूजन के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता से भव्य जल कलश यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई निर्धारित जल स्रोत तक पहुंची, जहां विधि-विधान से जल स्रोत का पूजन किया गया। इसके पश्चात गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित संवाद कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पवार ने जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए जल संरक्षण एवं प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## खबर संक्षेप

### सगा मामा ही निकला अपहरणकर्ता

**आष्टा।** 24 मई को फरियादी द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि मेरी नाबालिक लड़की 15 साल को कोई अज्ञात व्यक्ति वहला फुसला कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना आष्टा में अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण गंभीर प्रवृत्ति का होने से पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत, एस डी ओ पी आष्टा दामोदर गुप्ता द्वारा तत्काल कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी गिरीश दुबे को निर्देशित किया गया। पहर्ता की तलाश हेतु थाना प्रभारी गिरीश दुबे के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अपहर्ता को उसके सगे मामा बलराम मालवीय उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम मानकुण्ड फाटा जिला देवास मे होना बताने पर चौकी प्रभारी अमलाह प्रेम सिंह ठाकुर व उनकी टीम ने अपहर्ता को सकुशल आरोपी मामा के पास से दस्तयाव कर परिजनो के सुपुर्द किया। प्रकरण में आरोपी बलराम सिंह जगन्नाथ मालवीय उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम मानकुण्ड फाटा जिला देवास को गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायालय पेश किया जाकर जेल वारंट के पालन मे जिला जेल सीहोर दाखिल किया गया।

### तुलसी पूजन सहित अन्य अनुष्ठान आज

**सीहोर।** जगत के पालनहार श्री नारायण की भक्ति करने के लिए अधिक मास या पुरुषोत्तम मास पर शहर के कोलीपुरा स्थित श्री सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर परिसर में गुरुवार को सुबह नौ बजे तुलसी पूजन का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर संत माधवदास महाराज के निर्देश अनुसार यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास और पवन केवट सहित अन्य शहर के प्राचीन गणेश मंदिर में पहुंचकर गत दिनों हुए यज्ञ पूर्ण होने और तुलसी पूजन को लेकर भगवान श्री गणेश को आमंत्रण प्रदान किया। संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि हिंदू धर्म में अधिक मास के दौरान शादी-विवाह, गृहप्रवेश,यज्ञोपवीत संस्कार आदि करना निषेध बताया गया है। इस माह को दान, पुण्य, धर्म, पूजा, पाठ और श्रीमद्भागवत कथा के लिए अति उत्तम माना जाता है। पुराणों की मान्यता के अनुसार पुरुषोत्तम मास के समय सभी तीर्थ ब्रज में निवास करते हैं।

हरिभूमि की खबर के बाद एमपीआरडीसी पर प्रशासन सख्त हुआ

# कॉरिडोर में आग लगाने को लेकर टोल प्रबंधन को तहसीलदार ने थमाया नोटिस


किसानों पर चालान, कॉरिडोर में आग लगाने वालों पर मेहरबानी शीर्षक से हरिभूमि की खबर के बाद प्रशासन आया हरकत में टोल प्रबंधन को थमाया नोटिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी




जिस मुद्दे पर प्रशासन अब तक आंखें मूंदे बैठा था, उस पर आखिरकार हरिभूमि अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद कार्रवाई की शुरुआत होती दिख रही है। देवास-भोपाल कॉरिडोर किनारे स और दोनों रोड के बीच में फाई के नाम पर आग लगाकर पेड़ों को झुलसाने और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के मामले में तहसीलदार आष्टा ने संबंधित टोल प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। हरिभूमि में 20 मई को प्रकाशित खबर "किसानों पर कार्रवाई, लेकिन कॉरिडोर में आग लगाने वालों पर कार्रवाई नहीं!" ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सीधे सवाल खड़े किए थे। खबर में उजागर किया गया था कि जहां खेत में नरवाई जलाने वाले किसान पर तत्काल कार्रवाई होती है, वहीं कॉरिडोर सड़क किनारे खुलेआम आग लगाकर पेड़ों और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों पर जिम्मेदार विभाग मौन साधे हुए हैं। अब तहसील कार्यालय द्वारा जारी नोटिस में साफ कहा गया है कि सड़क के दोनों ओर आग लगाए जाने से पेड़ झुलसने की स्थिति सामने आई है और संबंधित पक्ष को तय तिथि पर उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देना होगा, अन्यथा उच्च स्तर पर कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। अब देखना होगा कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ नोटिस तक सीमित रहेगी, या पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों पर वैसी ही सख्ती होगी जैसी किसानों पर दिखाई जाती है? तहसीलदार रामलाल पगारे ने बताया कि देवास भोपाल कॉरिडोर आग लगाने और सड़क के दोनों ओर आग लगाए जाने से पेड़ झुलसने की स्थिति सामने आई जिस को लेकर नोटिस भेजा है।

खबर का असर



न्यायालय तहसीलदार, तहसील आष्टा, जिला–सीहोर (म.प्र.)

....../रीडर/2025 आष्टा दिनांक 22.05.2026

कारण बताओ सूचना पत्र

प्रति
श्री विरेन्द्र सिंह चौधरी
प्रबंधक अमलाह टोल
तह0 आष्टा जिला सीहोर

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि जाता है कि दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि में दिनांक 20.05.2026 को प्रकाशित समाचार देवास–भोपाल कॉरिडोर की सफाई के लिए लगाई आग में कई पेड झुलसे, किसानों पर कार्यवाही नहीं, लेकिन कॉरिडोर में आग लगाने वालों पर कार्यवाही नहीं नामक समाचार पत्र में खबर प्रकाशित हुई है। जिसमें आपके प्रबंधन द्वारा देवास–भोपाल कॉरिडोर की सफाई के दौरान दोनो साईड की रोड के बीच में आग लगाई जा रही है जिसमें काई वृक्ष झुलस के जल गये है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप मेरे समक्ष दिनांक 29.05.2026 को प्रात: 11.00 बजे उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अन्यथा नियमानुसार आपके विरुद्ध कार्यवाही के लिये श्रीमान कलेक्टर महोदय सीहोर को लिखा जावेगा।

संलग्न :– समाचार पत्र की कटिंग।

तहसीलदार आष्टा जिला सीहोर (म.प्र.)



देवास-भोपाल कॉरिडोर की सफाई के लिए लगाई आग में कई पेड़ झुलसे

किसानों पर कार्रवाई, लेकिन कॉरिडोर में आग लगाने वालों पर कार्रवाई नहीं!

इंदौर-भोपाल रोड किनारे पेड़ों की शाखाएं, सूखी लकड़िया और कचरा जलाकर पर्यावरण नियमों का किया जा रहा उलंघन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

क्या सब के लिए अलग-अलग है कानून

सेटेलाइट को नजर नहीं आई आग

किसी ने सिगरेट पीकर फेंकी

## जय जिनेंद्र महिला मंडल ने निकाला मौन जुलूस

### साधु-संतों की सुरक्षा की उठाई मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

रीवा में दिगंबर जैन समाज की दो साध्वियों श्रुतमति माता एवं उपशम मति माता की कार से कुचलकर हुई दर्दनाक मृत्यु की घटना को लेकर नगर में गहरा रोष व्याप्त है। घटना की कड़ी निंदा करते हुए श्री चन्द्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर गंज की जय जिनेंद्र महिला मंडल द्वारा मंगलवार शाम 7:30 बजे सुभाष चौक पर कैंडल प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित महिलाओं ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज द्वारा दीक्षित दिवंगत साध्वियों को नम आंखों से श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा घटना के दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। सभा को संबोधित करते हुए जय जिनेंद्र महिला मंडल की अध्यक्ष पूर्व पार्षद शकुंतला छाजेड़, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. मीना सिंगी, भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋतु जैन तथा महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर ने कहा कि जैन साधु-संत त्याग, तपस्या, अहिंसा और सादगीपूर्ण जीवन के प्रतीक होते हैं। वे किसी प्रकार का आडंबर नहीं करते और सदैव मानवता, शांति एवं सद्भाव का संदेश देते हैं। वक्ताओं ने कहा कि रीवा में हमारी दो साध्वियों की जानबूझकर कार से टक्कर मारकर हत्या किया जाना अत्यंत दुखद, अमानवीय और निंदनीय घटना है। ऐसी घटनाएं पूरे समाज को झकझोरने वाली हैं।

शासन और प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।जय जिनेंद्र महिला मंडल की ओर से यह भी मांग की गई कि जैन साधु-संतों के विहार के दौरान विशेष सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। साथ ही संवेदनशील मार्गों पर पुलिस निगरानी बढ़ाने एवं साधु-संतों की सुरक्षा के लिए ठोस नीति बनाई जाए। श्रद्धांजलि सभा के दौरान उपस्थित समाजजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत साध्वियों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## भागवत कथा से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा, आस्था का सैलाब उमड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



भंवरी कलां जावर में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर ग्राम भंवरी कलां में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होने जा रहा है। कथा से पूर्व ग्राम में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बैंड-बाजों व जयकारों के साथ निकली यात्रा में सैकड़ों मातृशक्तियों ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। पूज्या किशोरी वैष्णव शर्मा के मुखारविंद से कथा का आयोजन 27 मई 2026 से 2 जून 2026 तक रात्रि 8:00 से 11:00 बजे तक किया जाएगा। कलश यात्रा में समस्त ग्रामवासी बड़े उत्साह से शामिल हुए।

### सीहोर मिनी ने 2-0 से डीएसवायडब्ल्यू को हराया



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर प्रतिभाओं को मंच देने के लिए जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में 85 दिवसीय निशुल्क फुटबाल समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा मैदान पर ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार की शाम को डीएसवायडब्ल्यू फुटबाल टीम और सीहोर मिनी के मध्य मुकाबला खेला गया। इसमें मिनी ने 2-0 से शानदार जीत हासिल की। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया सहित अन्य खिलाड़ियों ने उत्साहवर्धन किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सीहोर मिनी ने डीएसवायडब्ल्यु को 2-0 से हराया। मैच में सीहोर मिनी की ओर से जगीर व राज ने 1-1 गोल किया।

## जल संरक्षण केवल वर्तमान की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार भी: राजस्व मंत्री





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इछावर तहसील के ग्राम कांकड़खेड़ा में तालाब के सुदृढ़ीकरण कार्य का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आयोजित हुए कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने इस कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि जल संरक्षण केवल वर्तमान की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार है। उन्होंने कहा कि गांवों में तालाब, कुएं और बावड़ियां जल का प्रमुख स्रोत होते हैं, जिनसे लोगों की दैनिक जरूरतें पूरी होती हैं तथा भूजल स्तर भी संतुलित बना रहता है। वर्तमान के कम होते जल स्तर के कारण इन जल स्रोतों का संरक्षण एवं पुनर्जीवन अत्यंत आवश्यक हो गया है। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि जल की प्रत्येक बूंद अमूल्य है और इसके संरक्षण के लिए समाज के हर वर्ग को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने कहा कि केवल सरकारी प्रयासों से जल संरक्षण का लक्ष्य पूरा नहीं किया जा सकता, इसके लिए जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है।

यदि गांव-गांव में तालाबों की सफाई, गहरीकरण, वर्षा जल संचयन तथा जल संरचनाओं के संरक्षण के कार्य लगातार किए जाएं, तो भविष्य में पेयजल और सिंचाई की समस्या को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेशभर में जन आंदोलन का रूप ले चुका है। इस अभियान के माध्यम से नदियों, तालाबों, कुओं एवं अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियों को जल संकट जैसी गंभीर परिस्थितियों का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर इछावर नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, पंकज गुप्ता, कैलाश सुराना, एसडीएम स्वाति मिश्रा, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री मयंक सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## उच्च शिक्षा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ आत्मनिर्भरता का आधार: भीमसेन मालवीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




उच्च शिक्षा तक समावेशी पहुंच स्थापित करने के उद्देश्य से शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जावर नगर में 26 मई 2026 को शिक्षा पुंज शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, करियर निर्माण एवं भविष्य की संभावनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भीमसेन मालवीय उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के महत्व, विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं रोजगार के अवसरों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि नफरत ने शोले उगले हैं, प्रेम को शांति भाती है, खड़ग है प्रलय का आमंत्रण, कलम क्रांति लाती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज में सकारात्मक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है तथा विद्यार्थियों को अपने जीवन में निरंतर अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य नितिन कुमार कौशल ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं आत्मनिर्भरता का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल अजय कुमार मिश्रा सहित क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

काले तालाब में गहरीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया

# हम सब तालाब को देंगे नया जीवन: रायसिंह मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



रहीम दास ने सदियों पहले कहा था, रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। आज यह बात सौ फ़ीसदी सच साबित हो रही है। हम देख रहे हैं कि हर साल गर्मी आते ही हमारे कुएं, बावड़ियां और नल सूखने लगते हैं। जलस्तर लगातार नीचे जाने लगता है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि हमने बारिश के पानी को सहेजना छोड़ दिया है। हमारे पूर्वजों ने जो तालाब बनाए थे, समय के साथ उनमें मिट्टी, गाद और कचरा जमा हो गया है, जिससे उनकी पानी रोकने की क्षमता खत्म हो चुकी है। इस आशय के विचार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्थानीय कन्नौद रोड़ स्थित काला तालाब के गहरीकरण कार्य के शुभारंभ अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने व्यक्त किए। श्री मेवाड़ा ने नागरिकों से आव्हान करते हुए कहा कि नगरपालिका प्रशासन अपने स्तर पर प्रयास कर रहा है, लेकिन कोई भी बड़ा बदलाव तब तक मुमकिन नहीं है, जब तक उसमें जनता का सहयोग शामिल न हों।

सरकार बजट दे सकती है, मशीनें दे सकती है, लेकिन उस तालाब को अपना मानकर उसकी चिंता करना सिर्फ हमारा कर्तव्य है। अगर आज हमने अपने तालाब को गहरा नहीं किया, तो आने वाले समय में पानी की बूंद-बूंद के लिए त्राहि-त्राहि मच जाएगी।युवाओं से की श्रमदान की अपील - नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने युवाओं से श्रमदान की अपील करते हुए कहा कि जो युवा और नागरिक शारीरिक रूप से सक्षम हैं, वे हफ्ते में कम से कम एक दिन, या रोज़ सुबह एक घंटा निकालकर तालाब पर आएँ और श्रमदान करें। हमारे हाथों से उठी एक-एक तगारी मिट्टी इस तालाब को नया जीवन देगी। तालाब गहरा होने के बाद हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम इसमें कचरा नहीं फेंकेंगे, न ही इसके आस-पास गंदगी करेंगे। जलस्तर में होगा सुधार - तालाब गहरा होगा तो लाखों लीटर अतिरिक्त पानी धरती के अंदर जाएगा, जिससे आस-पास के सभी कुओं और बोरवेल का वाटर लेवल बढ़ जाएगा। जिससे हमारे किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलेगा और हमारे बेजुबान पशु-पक्षियों को गर्मी में प्यासा नहीं भटकना पड़ेगा।आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित - आज की हमारी थोड़ी सी मेहनत, हमारे बच्चों को एक पानीदार और खुशहाल भविष्य देगी। तालाब गहरीकरण कार्य के शुभारंभ अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ पार्षद रवि शर्मा, तेजपाल कल्लू मुकाती, उपयंत्री अनिल धुर्वे, दीपक यादव, आदित्य तलनीकर, मनोहरसिंह जावरिया, प्रभारी स्वच्छता पर्यवेक्षक विनोद सांगते, सामुदायिक संगठक पार्वती शर्मा, शिवराज अहिरवार, कैलाश बागवान, गबू प्रजापति, अरूण विश्वकर्मा, आकाश चौहान, पूरणसिंह मेवाड़ा, कुलदीप सोनी, आशीष शर्मा, रोहित कालेलकर आदि मौजूद थे।

## विधायक कार्यालय में जनसुनवाई हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई में ग्राम कोदकपुरा की महिलाओं ने बिधुत के 5 पोल बिधुत लाइन टूटी होने से जल आपूर्ति बाधित पड़ी होने की समस्या से अवगत कराते हुए समस्या के निराकरण की मांग का मांग पत्र विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को सौपा । महिलाओं ने बताया की बिधुत विभाग द्वारा समस्या हल नही करने से जल समस्या खड़ी हो गई है,हम सब महिलाए दूर दूर से पानी ला रही है ।विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज जनसुनवाई में आये अन्य कई ग्रामो के ग्रामीण जनों की वन टू वन मिल कर समस्याओं को सुना । स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 10 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते है । आज बुधवार को प्रातः 10 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये । जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है। आज आये आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं का जल्द निराकरण होगा,जो मांग शासन स्तर की है उनेह वे शासन तक पहुचायेंगे। आज जनसुनवाई में सेवा अभिलेख में गृह निवास का पता संशोधित कराने,विद्युत आपूर्ति नही होने से पेयजल व्यवस्था ठप्प होने,अखिल भारतीय पटवा समाज केन्द्र सरकार की विश्वकर्मा योजना में सम्मिलित करने,गंदे पानी की निकासी रोकने,खामखेड़ा बैजनाथ में पक्की सड़क बनवाने,खेत के रास्ते पर मुरम डालने संबंधीं,मुरमी करण एवं डॉ. बाबा साहेब की मूर्ति की स्थापना ग्राम कातला तक, घर के सामने से घुड़ा और गंदगी हटवाने,बाबा रामदेव जी का चबुतरा निर्माण हर्राजखेड़ी में,प्रधानमंत्री आवास, समग्र आई डी से नाम पृथक कराने, लाड़ली बहना योजना में नाम शामिल कराने,ग्वाला में विधायक निधि से पुलिया की उंचाई में वृद्धि कराने, मुरमीकरण रोलागॉव में, स्वैच्छिक स्थानान्तरण,सड़क निर्माण बमूलिया भाटी में, कल्याणपुरा में मुरमीकरण कराने,जिया पैलेस पार्वतीनगर में सड़क व बिजली की व्यवस्था हेतु, दीव्यांगता के कारण आर्थिक सहायता दिलाने, श्यामपुरा मगरदा के किसानो को खाद उपलब्ध कराने, कृषि भूमि में नाम दूरस्त कराने,आवास हेतु प्लॉट उपलब्ध करानेकासमपुरा में सीसी रोड़ एवं हनुमान मंदिर के पास हेन्डपम्प स्थापित कराने, ग्रेवल रोड़ मैना में, कृषि भूमि का सीमांकन कर कब्जा दिलवाने,वाद्ययंत्र प्रदाय कराने,अजा बस्ती बमूलिया खीची में सामुदायिक भवन निर्माण कराने आदि के आवेदन आए।